हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–80 : जौनपुर, गुरुवार 12 मई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

कोविड–19 : अब गंतव्य देश के नियमों के हिसाब से प्रीकॉशन डोज लगवा सकेंगे यात्री

नई दिल्ली ब्यूरो : केंद्र सरकार ने विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों के लिए कोविड–19 वैक्सीन की दूसरी खुराक और बूस्टर खुराक के बीच के अंतर को कम करने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अब विदेश जाने वाले लोग जिस देश जा रहे हैं, वहां की गाइडलाइन के हिसाब से भारत में ही प्रीकॉशन डोज ले सकेंगे। यानी दूसरी डोज और प्रीकॉशन डोज के नौ महीने का अंतर रखने वाले नियम को आखिरकार खत्म कर दिया गया है। केंद्र सरकार का यह फैसला टीकाकरण पर गठित सरकारी पैनल– एनटीएजीआई के प्रस्ताव पर आया है। स्वास्थ्य मंत्री मनुसख मंडाविया ने कहा, ''भारत के नागरिक और छात्र, जो विदेश जा रहे हैं, अब गंतव्य देश की गाइडलाइंस के हिसाब से प्रीकॉशन डोज ले सकते हैं। यह सुविधा जल्द ही कोविन पोर्टल पर मुहैया हो जाएगी।'' गौरतलब है कि टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह (एनटीएजीआई) ने सुझाव दिया था कि जिन लोगों को विदेश यात्रा करने की जरूरत है वह कोविड टीके की एहतियाती खुराक नौ महीने की निर्धारित प्रतीक्षा अवधि से पहले भी ले सकते हैं। अभी तक 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोग जिन्हें टीके की दूसरी खुराक लगे हुए नौ महीने का समय पूरा हो चुका है वह एहतियाती खुराक के पात्र हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भारत के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में रोजगार, व्यावसायिक प्रतिबद्धताओं, विदेशी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, खेल आयोजनों में भाग लेने और

द्विपक्षीय व बहुपक्षीय बैठकों के लिए विदेश यात्रा करने वालों के लिए कोविड वैक्सीन की एहतियाती खुराक की मांग करने वाले कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। एक सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर बुधवार को चर्चा हुई थी और एनटीएजीआई ने सिफारिश की है कि जिन लोगों के लिए विदेश यात्रा करना जरूरी है वह जिस देश की वह यात्रा कर रहे हैं, उसकी जरूरतों के अनुसार नौ महीने की प्रतीक्षा अवधि से पहले भी एहतियाती खुराक लगवा सकते हैं। भारत में इस साल 10 जनवरी को हेल्थकेयर और अग्रिम मोर्चे के कर्मचारियों समेत 60 वर्ष से अधिक आयु के और गंभीर बीमार बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए कोरोना वायरस रोधी टीके की एहतियाती या बूस्टर खुराक लगाने की शुरुआत की गई थी। 10 अप्रैल को देश में 18 वर्ष से ऊपर की आयु के सभी लोगों के लिए टीके की एहतियाती खुराक लगाने की शुरुआत हुई थी।

राज्य में सीएम योगी के नौकरशाही को लेकर किए गए फैसलों को लेकर शुरू चर्चा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : राज्य में सीएम योगी आदित्यनाथ के नौकरशाही को लेकर किए गए फैसलों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। क्योंकि राज्य में भ्रष्ट अफसरों की कोई कमी नहीं है। लिहाजा अफसर इस बात को लेकर परेशान हैं। उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के डीजीपी मुकुल गोयल को उनके पद से हटा दिया है. राज्य सरकार ने अभी तक इस पद पर किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की है और एडीजी प्रशांत कुमार को डीजीपी का प्रभार दिया गया है। डीजीपी रहे मुकुल गोयल को हटाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने नौकरशाही को सख्त संदेश दिया है। जबकि इससे पहले सीएम योगी औरैया के जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर चुके हैं। प्रदेश में सरकार बनने के साथ ही राज्य सरकार ने एक सप्ताह के भीतर दो डीएम और एक एसएसपी को निलंबित कर सख्त संदेश दिया था। लेकिन बुधवार को पुलिस विभाग के सबसे ताकतवर और अहम अफसर को हटाकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वो आने वाले दिनों में बड़े अफसरों पर कार्रवाई करने से नहीं चूकेंगे। फिलहाल राज्य में सीएम योगी आदित्यनाथ के नौकरशाही को लेकर किए गए फैसलों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। क्योंकि राज्य में भ्रष्ट अफसरों की कोई कमी नहीं है। लिहाजा अफसर इस बात को लेकर परेशान हैं। कहीं अगला नंबर उनका ना हो। प्रदेश में दोबारा सीएम बनने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने दो डीएम और एक एसएसपी को सस्पेंड कर दिया है। प्रतापगढ़ के लालगंज तहसील के कर्मचारी सुनील कुमार शर्मा की मौत के मामले में सीएम योगी, प्रदेश सरकार ने सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम को भी निलंबित कर दिया है। आईएएस अधिकारियों में औरैया के डीएम सुनील कुमार वर्मा को भी शिकायतों के चलते निलंबित कर दिया गया और शपथ लेने के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोनभद्र के डीएम रहे टीके शिबू को निलंबित कर दिया। उधर, अपराध रोकने के लिए गाजियाबाद के एसएसपी पवन कुमार को भी सस्पेंड कर दिया गया और अधिकारियों को सख्त संदेश दिया गया। हाल ही में सीएम योगी आदित्यनाथ ने



मणिपुर कैडर की आईएएस अधिकारी निधि केशरवानी को निलंबित करने के लिए केंद्र और मणिपुर सरकार को पत्र लिखा था। निधि केशरवानी सपा सरकार के दौरान प्रदेश में प्रतिनियुक्ति पर थीं और इस दौरान वह गाजियाबाद समेत कई जिलों की जिलाधिकारी रहीं। गाजियाबाद में डीएम रहते हुए उन्होंने जमीन अधिग्रहण के लिए दिए गए मुआवजे का घोटाला किया था। जिसके बाद राज्य सरकार ने जांच कर उसे दोषी पाया। फिलहाल निधि केशरवानी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में निदेशक के पद पर हैं। मुकुल गोयल के डीजीपी पद से हटने के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर प्रदेश की नौकरशाही में हलचल मच गई है। क्योंकि सीएम योगी ने भ्रष्ट नौकरशाही को कड़ा संदेश दिया है। सीएम योगी की मंशा से साफ हो गया है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में बड़े अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल गोरखपुर में हाल ही में सीएम योगी ने कहा था कि अगर जनता उनके दरबार में शिकायतें ला रही है तो इसका मतलब है कि स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।

नीलदीप एकेडमी ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता का किया स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जौनपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। सात से 11 मई तक ग्रेटर नोएडा में राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए नीलदीप एकेडमी सीहीपुर के छात्र विराट मिश्र ने भी भाग लिया और प्रतियोगिता मे सब जूनियर बालक वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाते हुए जिले के साथ विद्यालय का नाम रौशन किया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न स्कुलो से सिनियर बालक वर्ग में नवीन मिश्रा स्वर्ण पदक, राजशमी सिल्वर पदक, हैप्पी यादव कांश्य पदक व महाबीर यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। कुल 2 स्वर्ण पदक सहित पांच पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिस पर नीलदीप एकेडमी सीहीपुर, सोनानंदन टीचर्स एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप कुमार सिह ने विद्यालय परिसर मे सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी खिलाडियो का मालयापर्ण कर स्वागत किया। ताइक्वांडो संघ के राष्टीय सचिव प्रवीन मिश्र ने बताया कि विराट मिश्रा ने इस प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीत कर नाम तो कमाया ही साथ ही इसी माह मे दक्षिण कोरिया मे आयोजित विश्व ताइक्वांडो चौम्पियान शिप प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष तरूण शुक्ल ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्वर्ण पदक विजेता विराट मिश्रा की मां शिवानी मिश्रा ने

नीलदीप एकेडमी के प्रबंधक व सभी अध्यापको को बधाई दिया और कहा कि आज यह विद्यालय शिक्षा के साथ साथ बच्चो को खेल की प्रतिभा को भी निखारता है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर नीलदीप एकेडमी सिहीपुर सोनानंदन टीचर्श स्कुल के प्रबंधक प्रदीप कुमार सिह ने कहा कि बहोत जल्द ही विद्यालय परिसर मे बच्चो के लिए बैटमिंटन हैण्डबाल चेस टेनिस व बालीबाल आदि कोर्ट को बनाया जायोगा जिसमे बच्चो को प्रशिक्षण सुविधा के लिए कोच उपलब्ध रहेंगे। जहा पर राश्टीय अंतराश्टीय स्तर के खिलाडी तैयार करने के लिए आवश्यक सभी सुविधाये का सृजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा। इस मौके पर कल्याणी राय प्राचार्या नीलदीप एकेडमी, आशीष सिंह, रिंकू यादव, परवीन जहान, आलोक, विपुल यादव समेत आदि लोग रहे।

15 दिन में मेडिकल कालेज में ओपीडी का कार्य हर हाल में किया जाये चालू – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मजदूरों की संख्या की जानकारी ली और कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि मजदूरो की संख्या बढ़ाकर युद्ध स्तर पर कार्य कराया जाए। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि 15 दिन में मेडिकल कालेज में ओपीडी का कार्य हर हाल में शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सेकण्ड ईयर के छात्रों के लिए बन रही बिल्डिंग निर्माण के प्रगति की जानकारी ली और कहा जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जाएं। मेडिकल कालेज में साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए।एकेडमिक ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान लैब का कार्य पूर्ण मिला और उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में जो कुछ भी कार्य अवशेष है उन्हें भी पूर्ण करा लिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं के साथ संवाद किया और छात्रों से उनके सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और उनसे पूछा कि मड़िकल कालेज में किसी भी प्रकार की समस्या तो नही है, छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि यह किसी प्रकार की समस्या नही है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग खुद को भाग्यशाली समझे की इस मेडिकल कॉलेज में प्रथम बैच के छात्र होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा पढ़ाई के दिनों में किये गए अपने संघर्षों व अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी छात्र अपने समय का सदुपयोग करें, प्रत्येक दिन कुछ न कुछ सीखने का प्रयास करें। अन्य राज्यों से आए हुए छात्रों से कहा कि यहां पर आकर आप

अकेला महसूस न करें, जिला प्रशासन आपका अभिभावक है किसी भी प्रकार की समस्या हो तो अवगत कराएं, आपकी समस्या का संपूर्ण समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि मेहनत करते हुए अपनी जिंदगी में सफल हो और अपने माता–पिता जनपद का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रोफेसर सैयद कुरेशी इजाज, डॉ रुचि राय, डॉ अवनीश तिवारी, निर्माण खंड के आर ई आरके सिंह, टाटा कंपनी से रत्नेश सिंह, बालाजी कंपनी से राजेश सिंह, ठेकेदार सुनील यादव, विद्युत विभाग से आर के त्यागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

गोवंश आश्रय स्थलों पर भूसा एवं हरा चारा दान करने के लिए जिलाधिकारी की जनपद वासियों से अपील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चलाई जा रही उत्तर प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजनाओं में से एक निराश्रित/बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के उद्देश्य से जनपद में गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। संचालित सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर गोवंश को मानकों के अनुरूप भूसा एवं हरा चारा उपलब्ध हो सके। इस उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों, निवासियों, कृषको, पशुपालकों से आह्वान करते हुए कहा है कि जनपद में गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें जनपद के निराश्रित, बेसहारा गोवंशों को संरक्षित कराया जा रहा है। समस्त गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के भरण पोषण के लिए पर्याप्त भूसा एवं हरे चारे की आवश्कता है। इस समय गेहूं की फसल का कटान किया जा रहा है तथा सभी कृषकों के पास पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध होने की सम्भावना है। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत संरक्षित बेसहारा, निराश्रित गोवशों के भरण पोषण के लिए उन्मुक्त भाव से आगे आकर जनपद में संचालित गो–आश्रय स्थलों पर अधिक से अधिक मात्रा में भूसे का दान कर पुनीत कार्य में सहभागी बने, ताकि जनपद में संचालित सभी

गौ–आश्रय स्थलों पर गोवंश को मानकों के अनुरूप भूसा एवं हरा चारा आदि उपलब्ध हो सके।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

वी पार्क के पास पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

गोरखपुर संवाददाता आशुतोष चौधरी : पुलिस अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार एसएसपी डॉ विपिन टांडा के कुशल निर्देशन में कार्य कर रही है । कोतवाली थाना क्षेत्र में छात्रा से मोबाइल लूट करने वाले और महिला से चौन स्नैचिंग करने वाले बदमाश शहजादा

पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ । वी पार्क के पास स्नैचिंग करने की फिराक में घूम रहा था बाइक सवार बदमाश पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया जिस पर उसने पुलिस पार्टी पर फायर किया , जवाबी कार्यवाही में एक बदमास घायल और एक फरार । घायल बदमाश के पास से लूट की मोबाइल हुई बरामद । घटना की सूचना पर मौके पर पहुचे एसएसपी डॉ विपिन तांडा व फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी।

भाजपा के युवा राष्ट्रीय नेता सौरभ श्रीवास्तव का 22 मई को जनपद में आगमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत वाराणसी कैंट से विधायक व भाजपा के युवा राष्ट्रीय नेता सौरभ श्रीवास्तव का आगमन 22 मई को जौनपुर हो रहा है। सौरभ

श्रीवास्तव जी 22 मई की शाम को वाराणसी से चलकर जौनपुर पहुचेंगे जहाँ संगत पंगत जौनपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम व अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे उसके बाद विधायक जी लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। सौरभ श्रीवास्तव के जौनपुर आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं व कायस्थ समाज के लोगो मे हर्ष की लहर है व जोरदार स्वागत करने का आह्वान किया गया। उक्त आशय की जानकारी संगत पंगत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव पत्रकार ,मीडिया प्रभारी अनीश श्रीवास्तव ने देते हुए जोरदार स्वागत की अपील किया है।

गर्भवती को दी गई आयरन की गोलियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक कदम सुरक्षित मातृत्व व नवीन प्रयास कार्यक्रम के तहत महराजगंज विकासखंड के 206 आंगनवाड़ी केंद्र के 150 केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलियां वितरित की गई ।इस सम्बंध में सीडीपीओ गीता भारती ने बताया कि महराजगंज में 206 आंगनवाड़ी केंद्र है जिसमें 2039 गर्भवती महिलाएं हैं, जिसमे150 आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती व धात्री महिलाओं को सुरक्षा के लिए कैल्शियम और आयरन की गोलियां वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

हिंसा : युद्धरत समाज ताकतवर नहीं हो सकता

सुप्रीम कोर्ट के सामने कई अहम सांविधानिक वाद हैं। फैसले के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार मजबूरी है। अगर किसी हाई कोर्ट को लंबी सुनवाई के बाद अंतरधार्मिक दंपति को सुरक्षा देने के लिए पुलिस को आदेश देना पड़े, तो इसका अर्थ यह है कि पुलिस ने अपनी सामान्य ड्यूटी नहीं की, जिससे कोर्ट का समय नष्ट हुआ। भारत का कानून धर्म और जाति की सीमाओं से आगे दो वयस्कों को विवाह की अनुमति देता है।

हाल ही में अमर उजाला में छपी कुछ रिपोर्ट्स सशक्त, अपराजेय राष्ट्र के निर्माण को अवरुद्ध करने वाली खौफनाक तस्वीर पेश करती हैं। पिछले 25 अप्रैल को बुलंदशहर (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के गड़ाना गांव में गौरव नामक एक दलित युवक की घुड़चढ़ी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दो एसएचओ, आठ उपनिरीक्षकों और तीन थानों की पुलिस को जुटना पड़ा। गौरव ने एसएसपी से लिखित शिकायत की थी। एसएसपी को याद दिलाया गया, आठ महीने पहले इसी गांव में घुड़चढ़ी पर हुई हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई थीय जुलाई, 2021 के बाद गांव में करीब दस शादियां हुईं, जिनमें बारात की चढ़त या घुड़चढ़ी नहीं करने दी गई।

गौरव का असली परिचय जान लीजिए। वह सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के सिपाही हैं। वही सीआरपीएफ, जिसके सैकड़ों जवान कश्मीर में आतंकवाद से लड़ते हुए शहीद हो चुके हैं। पुलवामा में चालीस जवानों की नृशंस हत्या तो यह देश कभी भूल ही नहीं सकता। चार मई को अल्मोड़ा के एक गांव में अनुसूचित जाति के दूल्हे को बलपूर्वक घोड़े से उतार दिया गया। आसपास के गांवों में तनाव फैल जाने के बाद छह लोगों पर केस दर्ज हुआ। उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग ने घटना का संज्ञान लिया।

डीएम और एसएसपी ने स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट मांगी। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, अभी अदालती कार्यवाही शुरू नहीं हुई है। अल्मोड़ा के ही कफलटा गांव चलते हैं। बयालीस साल पहले दलित दूल्हा डोली से जा रहा था। एक खास इलाके में पहुंचने के बाद लठैतों ने बारात रोक कर फरमान सुनाया, दूल्हा पैदल चले, डोली में बैठकर नहीं जाने देंगे। इस पर हुई हिंसा में चौदह दलित मारे गए थेय छह को जिंदा जला दिया गया था। मृतकों में कुमाऊं रेजिमेंट का एक सैनिक भी था।

इंदिरा गांधी के पीएमओ को जानकारी पहले मिली थी, एसडीएम को बाद में। केस सत्तरह साल चला। तब तक तीन अभियुक्तों की मौत हो चुकी थी। न्यायिक प्रक्रिया में इतना विलंब। गौर करें, बयालीस साल में भारत विभिन्न क्षेत्रों में जितना बदला, जमीनी स्तर पर सामाजिक बदलाव उस अनुपात में नहीं आया। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय संस्था, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में 29 अप्रैल की घटना ने शर्मसार कर दिया। कुलपति डॉ. सुधीर कुमार जैन और रेक्टर डा. वी.के. शुक्ल की देखरेख में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया था।

कुछ प्रदर्शनकारी वहां जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, कुलपति के आवास पर प्रदर्शन हुआ और उनका पुतला फूंका गया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने स्पष्टीकरण दिया कि बीएचयू के महिला महाविद्यालय में रोजा इफ्तार की परंपरा रही है। नोट कीजिए, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिक्षा मंत्रालय की अनुशंसा पर इसी साल सात जनवरी को कुलपति डॉ. जैन को नियुक्त किया था। इससे भी अधिक चिंताजनक एक और घटना हुई। ऊंचे मनोबल और राष्ट्र की रक्षा के अटल संकल्प की तरह भारतीय सेना की एक ताकत यह भी है कि वह भारतीय राष्ट्र–राज्य एवं संविधान की आत्मा का पूर्ण प्रतिबिंबन करते हुए धर्म और जाति पर आधारित आग्रह–दुराग्रह से सर्वथा मुक्त है।

इस बार सेना की ओर से आयोजित इफ्तार का संगठित विरोध किया गया। सेना में एक भयावह विषाणु को इंजेक्ट करने का यह संगीन जुर्म था। सामाजिक रुग्णता से राष्ट्र की समग्र शक्ति और सांविधानिक व्यवस्था पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के कुछ उदाहरणों पर विचार करने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट्स और निचली अदालतों का बेशकीमती वक्त अंतरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों व प्रेम प्रसंगों पर बर्बाद होना चाहिए? पिछले सत्र में लोकसभा में सरकार ने बताया कि 4.7 करोड़ केस अदालतों में विचाराधीन हैं।

सुप्रीम कोर्ट के सामने कई अहम सांविधानिक वाद हैं। फैसले के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार मजबूरी है। अगर किसी हाई कोर्ट को लंबी सुनवाई के बाद अंतरधार्मिक दंपति को सुरक्षा देने के लिए पुलिस को आदेश देना पड़े, तो इसका अर्थ यह है कि पुलिस ने अपनी सामान्य ड्यूटी नहीं की, जिससे कोर्ट का समय नष्ट हुआ। भारत का कानून धर्म और जाति की सीमाओं से आगे दो वयस्कों को विवाह की अनुमति देता है। अगर सजातीय वयस्क लिव–इन में हैं, तो अधिकतर मामलों में हिंसा की आशंका नहीं रहती।

विजातीय अथवा विधार्मिक होते ही धर्म, परंपरा, संस्कृति सब खतरे में पड़ जाते हैं। हैदराबाद का हत्याकांड गवाह है कि लोकतांत्रिक–सांविधानिक भावना का हनन करने वाली यह असहिष्णुता और कूपमंडूकता किसी एक जाति या धर्मानुयायियों तक सीमित नहीं है। पुलिस तय कर ले, तो भी धर्म–जाति जनित हिंसा कारगर ढंग से नहीं रोक सकती है। प्रति एक लाख पर होने चाहिए 222 पुलिसकर्मी। लेकिन भारत में 30 फीसदी पुलिसकर्मियों की कमी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और आंध्र प्रदेश में तो एक लाख पर 100 पुलिसकर्मी ही हैं।

पुलिस को आतंकवादियों, खनन माफिया, तस्करों, नशा कारोबार, चोरों–लुटेरों से निपटने के साथ ही अन्य हिंसा और जांच कार्यों में भी फंसे रहना पड़ता है। दहेज, विवाह, गोत्र जैसे झगड़ों में पुलिस के उलझ जाने से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण कामों का हर्जा होता है। अगर उन्मादी भीड़ हथियारबंद होकर अपने मनमाफिक फैसला करने लगी, अपनी व्याख्या या समझ के मुताबिक कानून पर अमल सुनिश्चित करने का दुस्साहस बेरोकटोक चलता रहे और ऐसे तत्वों को भरोसा हो कि वे कानूनी जवाबदेही से बच सकते हैं, तो खतरे की घंटी कान खोलकर सुननी चाहिए।

तब विधि के शासन और कुल मिलाकर सांविधानिक निजाम की जड़ें कमजोर होने लगती हैं। मोबाइल फोन, इंटरनेट और वाट्सएप के दौर में कुछ भी छिपाना असंभव है। ये सब करने वाले दरअसल देश की आबरू से खेल कर रहे हैं। समाज में हर तरह के विष वृक्षों के रोपण पर कारगर रोक के लिए समाज को जागरूक होना पड़ेगा। संतों, महंतों, धर्माचार्यों, महामंडलेश्वरों, मठाधीशों, इमामों, मौलवियों, पादरियों और ग्रंथियों का प्रभाव व्यापक है, इसलिए नफरत फैलाने और दरारें डालने या बढ़ाने की कुत्सित कुचेष्टाओं के विरुद्ध उन्हें मुखर होना पड़ेगा। देश की एकता चट्टानी है। लेकिन ये चट्टानें हिमालय पर्वत जैसी हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

रणदीप सिंह सुरजेवाला, महासचिव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बयान : उदयपुर से ''उदित'' होगा देश की ''उम्मीदों का सूर्य''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज जब देश प्रजातांत्रिक, आर्थिक और सामाजिक "संक्रमणकाल" के दौर से गुजर रहा है, तब भारत की आजादी के संकल्पों की कोख से जन्मी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक बार फिर देश को प्रगति, समृद्धि और उन्नति के पथ पर लाने के लिए एक ''नव संकल्प'' का दृढ़ संकल्प ले रही है। देश की अपेक्षाओं के अनुरूप कांग्रेस पार्टी उदयपुर में आगामी 13, 14 और 15 मई 2022 को आत्मचिंतन, आत्ममंथन, आत्मावलोकन करेगी। 'नव संकल्प का चिंतन क्यों': देश में बढ़ती आर्थिक असमानता के चलते 142 सबसे बड़े अमीरों की सम्पति तो एक साल में 30 लाख करोड़ बढ़ गई पर देश के 84: घरों की आय घट गई। 15 लाख हर खाते में आना तो दूर, बचत का पैसा भी लुट गया। गर्त में गिरती अर्थव्यवस्था के चलते 1 अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे रुपये की कधीमत गिर कर 77.56 हो गई, जो 75 साल में सबसे बड़ी गिरावट है। दूसरी और देश का कर्ज्ज साल 2014 में घ 55 लाख करोड़ से बढ़ कर साल 2022 में घ135 लाख करोड़ हो गया। मोदी सरकार हर रोज 4,000 करोड़ का कर्ज्ज लेती है। देश के हर नागरिक पर घ1,00,000 का कर्ज्ज है। महंगाई ने आम जनजीवन नर्क बना दिया है। साल 2014 में घ410 में मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर अब 1,000 का हो गयाय पेट्रोल रु71/लीटर था, आज रु105.41/लीटर हो गयाय डीजल रु 56/लीटर था, आज रु95. 87/लीटर हो गया। अकेले पेट्रोल–डीजल पर टैक्स लगा मोदी सरकार ने तो घ27 लाख करोड़ कमाये, पर जनता को क्या मिला? यही हाल आटा, दाल, खाने का तेल, सब्जी, साबुन, टूथपेस्ट, ज्ट, फ्रिज और रोज जरूरत की हर वस्तु का है। देश में बेरोजगारी की दर 8: से अधिक है। भारत सरकार, सरकारी उपक्रमों व प्रांतीय सरकारों में मिलाकर 30 लाख से ज्यादा पद खघली पड़े हैं। सेनाओं में 2,55,000 पद खघली हैं। निजी क्षेत्र में लघु और छोटे उद्योग तालाबंदी की कगार पर हैं। 2 करोड़ रोजगार हर साल देना तो दूर, करोड़ों रोजगार चले गए हैं। किसान व खेती को प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का षड्यंत्र जारी है। पहली बार खेती पर ळैज् लगाया गया – खाद हो, ट्रैक्टर व खेती के उपकरण हों, कीटनाशक दवाई हो। खाद की सब्सिडी काटी जा रही है और DAP व यूरिया की कधीमतें आसमान छू रही है। डैच् गारंटी कघनून पर चर्चा ही नहीं। मनरेगा का बजट काट दिया है। किसान की आय साल 2022 तक दुगना होना तो दूर, उपज की कधीमत भी नहीं मिल रही। दलित व आदिवासी सब प्लान खघ्त्म कर दिया गया। उनके आरक्षण व दलित पक्षधर कघनूनों पर हमला बोला जा रहा है। च्ैं बेच कर दलितों व पिछड़ों का आरक्षण खघ्त्म किया जा रहा है। दलितों पर अत्याचार चरम सीमा पर है। यहां तक कि दलित कल्याण को टारगेटेड केंद्रीय योजनाएं कुल बजट का मात्र 4.4 प्रतिशत रह गई हैं। अब तो केंद्र सरकार पिछड़े वर्गों की संख्या का सेन्सस तक जारी करने से इनकार कर रही है। देश की भूभागीय अखंडता पर हमला बोला गया है। चीन ने दुस्साहस कर लद्दाखघ में भारत माता की सरजमीं पर कघ्ब्जा कर रखा है। अरुणाचल की सीमा पर अतिक्रमण कर चीन आए दिन नये ठिकाने बना रहा है। डोकघ्लाम में चीन द्वारा किए नए सड़क निर्माण, तोपखघने व सैनिक ठिकानों का निर्माण हमारी अखंडता को सीधी चुनौती है। पर मोदी सरकार चीन को हमारी सरजमीं से वापस खदेड़ने में असक्षम साबित हुई है। सरकार केवल चीनी ऐप बैन कर झूठी वाहवाही लूट रही है और उल्टा चीन से वस्तुओं का आयात बढ़कर 97 बिलियन डॉलर हो गया है। देश व समाज की इन समस्याओं पर पर्दा डालने के लिए मोदी सरकार ने चौतरफा धार्मांधता–रूढ़िवादिता का अंधकार फैला अल्पसंख्यक वर्गों, खघस तौर से मुस्लिम, ईसाइयों व सिखों को निशाना बना रखा है। रोज नया हिंदू–मुस्लिम पैदा कर देश की आँखों पर पट्टी बांधी जा रही है। समाज में हिंदू–मुस्लिम विभाजन के बीज बो कर व तुष्टिकरण की इस राजनीति को आधार बना भाजपा चुनावी जीत तलाशती है। चुनावों में अब तरक्की–विकास– सड़क– स्कूल–शिक्षा– अस्पताल– उद्योग– रोजगार– खेती– बढ़ोत्तरी मुद्दे नहीं रह गए हैं। भाजपा प्रायोजित मुद्दे हैं– श्मशान–कब्रिस्तान, बुलडोजर, लाउडस्पीकर, गर्मी निकालना, मंदिर बनाम मस्जिद बनाम गिरिजाघर बनाम गुरुद्वारा, सड़कों के नाम बदलना, खाने–पहनने के नाम पर बँटवारा आदि। दुर्भाग्य यह है कि नफरत की खेती परोसने में भाजपा द्वारा मीडिया के एक बड़े वर्ग को भी इस्तेमाल किया जा रहा है। देश व देशवासियों के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है। क्या देश ऐसे चल सकता है? क्या देश ऐसे तरक्की कर सकता है? क्या देश ऐसे आगे बढ़ सकता है? क्या भविष्य के भारत का निर्माण धार्मिक, जातिगत व आर्थिक बँटवारे पर होगा? क्या यह गाँधी– नेहरू– पटेल– बोस– तिलक– अंबेडकर– मौलाना आजाद–राजेंद्र प्रसाद– भगत सिंह– बिस्मिल–अश्फाक आदि करोड़ों स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत है? जब देश इतनी गहरी वेदनाओं की चिंता में डूबा हुआ है तब स्वाभाविक है कि कांग्रेस पार्टी देश की चिंताओं के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हुए उसका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। हम जानते हैं कि देश की अपेक्षाओं के अनुरूप उसे अपनी संगठनात्मक क्षमता, दक्षता, कार्यकुशलता और कार्यशैली का न सिर्फ मूल्यांकन करना होगा अपितु वर्तमान चुनौतियों व परिस्थितियों के अनुरूप ढालना भी होगा । इसी के दृष्टिगत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान प्रांत के उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन किया है। "नव संकल्प के चिंतन में क्या" भाजपा सरकार द्वारा निर्मित देश के विकास व भाईचारे पर बुलडोजर चला देश को पिछड़ेपन के अंधकार में धकेलने वाली परिस्थितियों का कांग्रेस पार्टी ने मूल्यांकन कर उससे देश को उबारने के लिए 6 विभिन्न विषयों को चिन्हित किया तथा उन विषयों पर समूहों का गठन किया, जिन्होने अपनी प्राथमिक रिपोर्ट्स दी हैं, जो राजनैतिक, सामाजिक न्याय – सशक्तिकरण, अर्थव्यवस्था, कांग्रेस की संगठनात्मक व्यवस्था, किसान और खेत मजदूर, युवा सशक्तिकरण जैसे विषयों पर केंद्रित है। यह समूह अपना प्राथमिक अध्ययन चर्चा व नीति निर्धारण हेतु चिंतन शिविर में रखेंगे। चिंतन शिविर में जिन 430 चिंतकों को आमंत्रित किया गया है, वे सब अलग अलग समूहों में इस प्राथमिक अध्ययन पर लगातार अलग अलग सत्रों और समूहों में लगातार तीन दिन चिंतन मंथन करेंगे तथा इस व्यापक चिंतन मंथन का जो निष्कर्ष निकलेगा उसे कांग्रेस अध्यक्षा के सम्मुख रख और फिर उसे अंततः कांग्रेस वर्किंग कमेटी में रखकर अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। अतः जो निष्कर्ष निकलेगा वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को न सिर्फ वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से उबार एक नई दिशा देगा अपितु भारत के गौरवशाली भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

लोहिया संस्थान में करीब दो लाख की दवा एक्स्पायर मिली : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नें विशेष सचिव को सौंपी जांच

लखनऊ ब्यूरो : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार दोपहर लोहिया संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां बड़ी अव्यवस्था मिली। स्टोर में करीब दो लाख की एक्सपायर्ड दवाएं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और जांच के आदेश दिए हैं। पूरे मामले की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव जीएस प्रियदर्शी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।उपमुख्यमंत्री गुरुवार सुबह लोहिया संस्थान की ओपीडी में पहुंचे। यहां मरीजों से व्यवस्था की जानकारी ली। इसके बाद दवा स्टोर में पहुंचे। स्टोर में पैकेट बंद दवाई रखी हुई थी। जांच के दौरान पता लगा कि यह दवाएं स्टोर में पड़ी–पड़ी एक्सपायर हो गईं। इस पर उपमुख्यमंत्री ने संबंधित दवाओं का विवरण तलब किया। पड़ताल के दौरान पता चला कि दो लाख 40 हजार से अधिक की दवाई एक्सपायर हो गई है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।उन्होंने निदेशक सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाई। चेतावनी दी कि इस तरह की गलती दोबारा मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेष सचिव को अलग से जांच करने का निर्देश दिया। इस दौरान लोहिया संस्थान से मरीज रेफर करने के मामले में भी पड़ताल कराई। निर्देश दिया कि बेड खाली न होने का बहाना बनाकर मरीजों को रेफर न किया जाए।

पुरानी पेंशन बहाली पर माननीय सांसदों का दिखाई दिया सकारात्मक दृष्टिकोण : इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी पी मिश्र एवं महामंत्री प्रेमचंद ने बताया है कि विगत माह सभी मा सांसदों को पत्र भेजे गए थे पर ज्यादातर सांसदों का सकारात्मक रूप है ।कई केंद्रीय मंत्रियों एवं सांसदों ने मा प्रधानमंत्री जी को पत्र भेजकर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है । श्री मिश्र ने बताया कि रोज बढ़ रही भीषण महंगाई से वेतन भोगी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति डामाडोल हो गई है ।कर्ज भी नहीं चुका पा रहे हैं ,बच्चों की फीस जमा करना कठिन हो गया है ,घर गृहस्ती की स्थिति तो दयनीय हो गई है 1000 का गैस सिलेंडर बढ़कर हो गया है । श्री मिश्र ने मांग की है कि बड़ी महंगाई के प्रतिशत के हिसाब से महंगाई भत्ते की क्षतिपूर्ति हो तथा आउटसोर्सिंग /संविदा /आंगनबाड़ी /सहायिका आदि के पारिश्रमिक में भी वृद्धि करें तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए नीति बनाएं । श्री मिश्र ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री जी को कैशलेस इलाज शुरू करने के लिए बधाई दी है । इप्सेफ के राष्ट्रीय सचिव अतुल मिश्रा ने बताया कि शासन एवं विभागीय स्तर पर संवादहीनता के कारण कर्मचारियों की समस्याएं लटकी पड़ी हैं ।उत्तर प्रदेश के वेतन समिति की रिपोर्ट पर 4 वर्ष से मुख्य सचिव समिति की बैठक नहीं हो पा रही है जिससे लंबित पड़ी है ।कई राज्यों में महंगाई भत्ता की किस्तें बाकी है ।रिक्त पदों पर भर्ती ,पदोन्नति ,कैडर पुनर्गठन समवर्गों की सेवा नियमावलीया लंबित पड़ी हैं ।जिससे सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल पा रहा है ।उन्होंने मुख्य सचिव के साथ 8 दिसंबर की बैठक में लिए गए निर्णय का क्रियान्वयन करने की मांग की है । श्री प्रेमचंद ने बताया कि 11 जून को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दिल्ली में होने जा रही बैठक में आंदोलन करने का निर्णय लिया जा सकता है ।भारत सरकार सर्वे करा ले तो पता चल जाएगा की कितना प्रतिशत कर्मचारी सरकार से नाराज है ।जिसका परिणाम सत्ताधारी दल की सरकार के लिए हानिकारक होगा।

पटरी दुकानदार एवं वेण्डरों को स्वनिधि योजना के अर्न्तगत सुव्यवस्थित करते हुये लाभान्वित कराये : जिलाधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया है कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत जनपद हरदोई द्वारा नाला नाली, फुटपाथ पर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को काफी संख्या में नोटिसें निर्गत की गयी है, किन्तु नोटिस दिये जाने के पश्चात क्या कार्यवाही की गयी है, इससे अवगत नही कराया जा रहा है। इसी प्रकार नगर क्षेत्र में सुअर पालकों व डेयरी संचालकों के नगर क्षेत्र से बाहर करने हेतु कई बार निर्देश दिये गये, परन्तु इस सम्बन्ध में भी अधिशासी अधिकारीगण द्वारा अपेक्षित रूचि नही ली जा रही है। अधिशासी अधिकारी नगर क्षेत्र में नामित नोडल अधिकारी/मजिस्ट्रेट के साथ संयुक्त रूप से समयबद्ध, नियमानुसार कार्यवाही करते हुये सड़क पर बढी हुई दुकानों का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। पटरी दुकानदार/वेण्डरों को स्वनिधि योजना के अर्न्तगत सुव्यवस्थित करते हुये लाभान्वित करायेगें। इस सम्बन्ध में समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी न्यायिक, अतिरिक्त

अधिकारी प्रथम व द्वितीय, समस्त तहसीलदार/तह0 न्यायिक बिलग्राम, नायब तहसीलदार बिलग्राम/ शाहाबाद, अधिशासी अधिकारीगण नगर पालिका/नगर पंचायत वांछित सूचना तैयार कर प्रतिदिन 4. 00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

डंपर और टेंपो में भिड़ंत में चार की मौत : आठ घायल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को बाइक सवार को बचाने के प्रयास में टेंपो सामने से आ रहे डंपर से भिड़ गया। हादसे में बाइक सवार युवक, टेंपो में सवार मां–बेटी व बेटा समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सवायजपुर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से पांच को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पाली थाना क्षेत्र के गंधिया गांव निवासी मूर्ति देवी (36) बुधवार की सुबह बिलग्राम के धनीपुरवा एक शादी में शामिल होने जा रहीं थी। उनके साथ बेटा सचिन (8), प्रशांत (12), बेटी प्रियांशी (14) भी थी। वह सभी सवायजपुर से टेंपो में सवार हुए थे। टेंपो में अन्य सवारियां भी थीं। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र में कुइंयाखेड़ा गांव के पास लोनार के सौरंगपुर निवासी सुखदेव (40) अचानक बाइक लेकर टेंपो के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में टेंपो सामने से आ रहे डंपर से भिड़ गई। हादसे में बाइक सवार सुखदेव, टेंपो सवार मूर्ती देवी, उनकी बेटी प्रियांशी और बेटे सचिन की मौत हो गई। जबकि टेंपो सवार प्रशांत, पाली के बेरिया गांव निवासी सुरेश (45), लाड़पुरा हरपालपुर

निवासी अनूप (22), भरखनी निवासी अवनीश (25) उसकी मां सीता (50), लमकन हरपालपुर निवासी गीता (26), टेंपो चालक ज्ञानेंद्र (28) निवासी लमकन हरपालपुर और विनय (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसडीएम राकेश सिंह ने एंबुलेंस से घायलों को सवायजपुर सीएचसी भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने पांच की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरपालपुर कोतवाल उमाकांत दीपक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

विद्यार्थी अपनी स्किल्स पर ध्यान दें : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 6 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया है। गुरुवार को कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य की उपस्थिति में उन्हें जॉब ऑफर का पत्र दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी स्किल्स पर ध्यान देना चाहिए। बीसीए और इंजीनियरिंग में प्रैक्टिकल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, इसी से बच्चे को प्लेसमेंट में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इंटरव्यू फेस करने का तरीका भी सिखाना शिक्षक की ही जिम्मेदारी है। केंद्रीय ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ संदीप कुमार सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी और कहा कि वह पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करें ताकि विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो सके। इससे विश्वविद्यालय के अगले सत्र के बच्चों को आप की छवि का लाभ मिलेगा। टेक्नोब्रेन इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी राज केशर यादव और उनके साथ आए साथ वरिष्ठ एचआर और मैनेजर द्वारा बी टेक, एमसीए, तथा बीबीए के कुल 83 विद्यार्थियों का साक्षात्कार तीन चरणों में लिया गया। बीसीए के अतुल पांडेय, अविनाश मिश्रा, अंबुज पाल, एमसीए की रिया श्रीवास्तव, अनामिका प्रजापति और बी टेक आईटी की हेमंत सिंह का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रो.बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ. सौरभ पाल, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.कमलेश पाल, डॉ. अमित वत्स, डॉ. दिव्येंदु मिश्र, कृष्ण कुमार यादव, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र पाल, डॉ. दीप प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे।

पूर्व सांसद रिजवान जहीर की करीब चार करोड़ की संपत्ति कुर्क : मकान और कई खातें सील

बलरामपुर ब्यूरो : हत्या की साजिश तथा गैंगेस्टर के तहत जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर की मुश्किलें अचानक बढ़ गई हैं। गैंगेस्टर के तहत प्रशासन ने उनकी कोठी, जमीन व तीन बैंक खातों को जब्त कर लिया है। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत करीब चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। प्रशासन ने तुलसीपुर नगर में डुग्गी–मुनादी कराकर जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया है। विदित हो कि तुलसीपुर नगर के पूर्व चेयरमैन फिरोज अहमद पप्पू की हत्या की साजिश में पूर्व सांसद रिजवान जहीर, अपनी बेटी जेबा रिजवान तथा दामाद रमीज के साथ जेल में हैं। प्रशासन ने बीते दिनों पूर्व सांसद के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की थी। इसी के तहत डीएम श्रुति के आदेश पर गुरुवार को तुलसीपुर एसडीएम मंगलेश दूबे ने सीओ प्रभात कुमार व भारी फोर्स के साथ पूर्व सांसद की शीतलापुर गांव स्थित कोठी पर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई की। एसडीएम मंगलेश दूबे ने बताया कि पूर्व सांसद की पत्नी सैय्यदा हुमा फातिमा के नाम गाटा संख्या 298 में स्थित कोठी को जब्त कर लिया गया है। कोठी के प्रत्येक कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई है। कोठी की कुल कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। इसके अलावा एक प्लाट भी जब्त किया गया है। पूर्व सांसद के नाम भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक

तथा प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक में स्थित खातों को भी जब्त कर लिया गया है। जब्त की गई सभी संपत्तियों व बैंक खातों की कीमत करीब चार करोड़ रुपये है। उनके आवास की पैमाइश भी की गई है। पूर्व सांसद के खिलाफ हुई कुर्की की कार्रवाई क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। उनके घर के अंदर रखे सामानों की सूची बनाई गई है। एसडीएम ने यह भी बताया कि पूर्व सांसद का नाम प्रदेश के गैंगेस्टर आरोपियों में टॉपटेन की सूची में शामिल है। पूर्व सांसद के जमीनों की पड़ताल की जाएगी। अगर कहीं अवैध कब्जा मिला तो उसपर बुल्डोजर भी चलाया जाएगा। पूर्व सांसद के छोटे भाई सलमान जहीर का कहना है कि हम लोगों को कुर्की की कोई सूचना प्रशासन ने नहीं दी थी। यह कार्रवाई राजनीतिक द्वेष के कारण की गई है।

पढ़ाई में मददगार बनी मुख्यमंत्री बालसेवा योजना की राशि : पढ़ाई–लिखाई के साथ अन्य जरूरी कामों में हुई सहूलियत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केस–1 शाहगंज क्षेत्र की 10वीं की छात्रा रीता (बदला हुआ नाम) की मां का मई 2021 में कोविड के चलते निधन हो गया था । उस वक्त तो एक बारगी लगा कि आर्थिक तंगी के चलते पढाई अब शायद न हो सके । इसी बीच रीता को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी हुई। उसने योजना में आवेदन किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया। उसे अब चार हजार रुपये महीने के हिसाब से तीन–तीन महीने पर 12 हजार रुपये मिल रहे हैं। अभी तक उसे दो भुगतान प्राप्त हुए है, जिसमें तीन–तीन महीने के 12–12 हजार रुपये थे। रीता के पिता ने बताया कि इन रुपयों का उपयोग कापी–किताब खरीदने, स्कूल फीस तथा ट्यूशन फीस भरने, ड्रेस व जूते खरीदने में किया। इन रुपयों से उसकी पढ़ाई की राह में आने वाली दिक्कतें खत्म हो गईं हैं। केस–2 सदर क्षेत्र के नितिन (बदला हुआ नाम) के पिता का 19 अप्रैल 2021 को कोविड के चलते निधन हो गया। पिता के न रहने का असर उसकी पढ़ाई–लिखाई पर भी पड़ा। उसे स्कूल फीस भरने तथा कापी–किताब की व्यवस्था करने में दिक्कतें आने लगीं। 18 वर्ष से कम उम्र होने के कारण नितिन ने "मुख्यमंत्री बालसेवा योजना" के लिए फार्म भरा। योजना में नाम स्वीकृत होने पर उसे हर माह चार–चार हजार रुपये की धनराशि मिल रही है। इससे उसे हाईस्कूल की परीक्षा देने और किताब–कापी खरीदने में सहूलियत मिली। इस योजना के लिए दोनों बच्चों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। जिले की महज रीता और नितिन को ही इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। एक मार्च 2020 के बाद कोविड के चलते माता–पिता दोनों या किसी एक को खोने वाले जनपद के 152 बच्चों को सरकार "मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना" के तहत प्रतिमाह 4000 रुपये प्रदान कर रही है। इससे वह अपनी पढ़ाई–लिखाई की जरूरतें पूरी कर रहे हैं। कौन पा सकता है लाभः जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार का कहना है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ उन्हीं बच्चों को मिल सकता है जो कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। एक परिवार के सभी बच्चों (जैविक तथा कानूनी रूप से गोद लिये गये) को योजना का लाभ मिल सकता है। योजना का लाभ 18 वर्ष तक की उम्र के उन्हीं बच्चों को मिलता है जिनके माता–पिता दोनों की मृत्यु कोविड–19 संक्रमण से महामारी के दौरान हुई हो। माता–पिता में से एक की मृत्यु एक मार्च 2020 से पहले हुई हो तथा दूसरे की मृत्यु कोविड–19 संक्रमण से महामारी के दौरान हुई हो। ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता दोनों की मृत्यु एक मार्च 2020 से पूर्व हुई थी तथा उनके वैध संरक्षक की मृत्यु कोविड–19 संक्रमण से महामारी के दौरान हो गई हो। लाभार्थी बच्चों की दूसरी श्रेणी में ऐसे सभी बच्चों को शामिल किया गया है जिन्होंने कोविड–19 के कारण अपने माता–पिता में से आय अर्जित करने वाले अभिभावक को खो दिया हो तथा वर्तमान में जीवित माता या पिता सहित परिवार की आय दो लाख रुपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो। यह मिलती है सहूलियतः ऐसे 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के वैध संरक्षक के बैंक खाते में 4,000 रुपये प्रतिमाह की धनराशि भेजी जाती है, बशर्ते औपचारिक शिक्षा के लिए उनका पंजीयन किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कराया गया हो। ऐसे बच्चे जो पूरी तरह से अनाथ हो गये हों अथवा बाल कल्याण समिति के आदेश से विभाग के अंतर्गत संचालित बाल्य देखभाल संस्थाओं में आवासित कराए गये हैं, उन्हें छठीं से 12वीं तक की शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेशित कराया जाता है। 11 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश कराया जाता है। विद्यालयों की तीन माह की अवकाश अवधि के दौरान बच्चों की देखभाल के लिए प्रतिमाह 4,000 रुपये की दर से कुल 12,000 रुपये की धनराशि बच्चे के वैध संरक्षक जिसकी अभिरक्षा में बच्चा है, उसके बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है। यह धनराशि कक्षा 12 तक या 18 वर्ष की आयु पूरी होने तक जो भी पहले हो जाती है, उसे होने तक देय होती है। किसी कारणवश यदि बच्चों के संरक्षक इन आवासीय विद्यालयों में प्रवेश नहीं दिलाना चाहते तो बच्चों की देखरेख व शिक्षा के लिए उन्हें 18 वर्ष की आयु होने अथवा कक्षा 12 तक की शिक्षा पूरी होने तक 4,000 रुपये की धनराशि दी जाती है। बशर्ते बच्चे की औपचारिक शिक्षा के लिए अनिवार्य रूप से किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया हो।

अनियंत्रित ट्रक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारते हुए नाले पर सो रहे युवक को मारी टक्कर : एक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को रात करीब बारह बजे समूह बाबा मंदिर के समीप एक ट्रक ने हाइवे पर ईट लादकर खड़े ट्रैक्टर को टक्कर मारते हुए बाई तरफ नाले पर सो रहे युवक को मारी टक्कर।टक्कर से सो रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।इस दौरान हाइवे पर जाम लग गया।पुलिस ने रात में जेसीबी से ट्रैक्टर व ईट को हटवाया तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। रात में एक ट्रैक्टर ईट लादकर जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रहा था।चर्चा है की चालक ट्रैक्टर सड़क पर खड़ा कर कही गांजा पीने चला गया था तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मारते हुए बाई तरफ सड़क के किनारे बने नाले पर चढ़ गई। नाले पर चारपाई डालकर सो रहे नान्हक सरोज पुत्र कृष्णा निवासी महिमापुर की चारपाई में भी ट्रक से जोरदार टक्कर लग गया।जिससे चारपाई टूट गई और सो रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे परिजन सीएचसी रेहटी ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया।वही ट्रक के टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली छतिग्रस्त हो गया और उसपर लदा ईट सड़क पर बिखर जाने से जाम लग गया।सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जेसीबी बुलाकर ट्रेक्टर ट्राली व ईट को सड़क से दूर हटवाया तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ।जिस स्थानपर दुर्घटना हुई है वहा फोर लेन हाइवे व नाले का निर्माण लोगो के घरों से सटकर हुआ है घरों के सामने जगह नहीं बचा है। इस लिए लोग गर्मी के समय रात में नाले पर चारपाई डालकर सोते हैं।

गैस सिलेंडर मे लगी आग मची अफरा तफरी : घंटो बाद पुलिस ने आग पर पाया काबू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत करियांव मे गुरुवार की सुबह एक घर मे गैस सिलेंडर मे खाना बनाते समय आग लग गयी जिससे अफरा तफरी मच गयी घर मालिक ने सलेण्डर को बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी । मीरगंज थाना के ग्राम पंचायत करियांव निवासी जयप्रकाश शुक्ला की बेटी रसोई मे सिलेण्डर पर खाना पकाने के लिए रखकर बाहर चली गयी जस प्रकाश ने देखा तो सिलेंडर मे आग लग गयी है उन्होंने हिम्मत करके किसी तरह सिलेंडर को बाहर निकाल डायल ११२ पुलिस को सूचना दिया तो मौके पर पहुची पुलिस ने मीरगंज पुलिस को सूचना दी एसआई चन्द्र केश शर्मा हमराहियो के साथ मौके पर पहुच कर आग बुझाने का प्रयास किया डर था सिलेंडर विस्फोट न कर जाय आग बढती देख अग्निशमन दल को सूचना दी गयी इसी दौरान पुलिस के जवान सुरेश पटेल ने हिम्मत करके बालू पानी के सहारे सिलेंडर को बुझाने का प्रयास किया और अंत मे सफल भी रहा तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका पुलिस ने राहत की सांस ली। बडा हादसा होने से टल गया।

वैन और टेंपों की आमने–सामने भिड़ंत में दो की मौत : 12 घायल

सीतापुर ब्यूरो : सीतापुर जिले के कोतवाली बिसवां इलाके में गुरुवार को वैन और टेंपो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 12 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बिसवां कोतवाली इलाके के भिटौरा बाजार के पास ये हादसा हुआ है। घायलों को बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले दोनों लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि वैन सवार लोग बरात में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी है।

यूपीएसआईसी के पूर्व प्रबंधक एसके त्रिपाठी गिरफ्तार, : चार करोड़ से ज्यादा के गबन का आरोप

लखनऊ ब्यूरो : आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू ने यूपी एसआईसी के पूर्व प्रबंधक एसके त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। त्रिपाठी पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप है। जानकारी के अनुसार मैसर्स इरा इंटर प्राइजेज लखनऊ द्वारा उद्योग निदेशालय से फर्जी प्रमाण पत्र प्राप्त कर एसके त्रिपाठी पूर्व प्रबंधक यूपीएसआईसी ने क्लोरीन टैबलेट की सप्लाई एवं अन्य सामग्री की अपूर्ति कर कुल धनराशि 4,56,93,636 रुपये का गबन करने का आरोप है। इस संबंध में लखनऊ के थाना सरोजनी नगर और कानपुर के थाना काकादेव में केस दर्ज हुए हैं। दोनों थानों के अभियोगों की विवेचना ईओडब्ल्यू संगठन सेक्टर कानपुर की टीम कर रही थी। मेसर्स इरा इंटर प्राईजेज फर्म के मालिक सहित सात अभियुक्त वांछित थे, जिसमें से एक वांछित अभियुक्त एसके त्रिपाठी को स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो में अनुराग ने जीता रजत पदक

जौनपुर डीकेयू कार्यालय प्रतिनिधि प्रत्यान्शु तिवारी : गौतमबुद्धनगर में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता 7 से 10 मई को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स इंडोर स्टेडियम नोएडा में आयोजित था। जहाँ गौराबादशाहपुर थाना छेत्र के कबिरुद्दीनपुर गांव निवासी अनुराग यादव पुत्र रामजीत यादव ने कैडेट अंडर 41 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता, अनुराग एस.डी पब्लिक स्कूल कबीरुद्दीनपुर में कछा दस का छात्र है। खिलाड़ी के इस जीत की सफलता पर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अरविन्द सिंह, सचिव/कोच संजय पाल व अन्य ग्रामवासियो ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

200 वृक्षारोपण में 60 पेड़ लगभग सूखे दिखाई दिए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय क्षेत्र के गांव नैपुरा के शम्भूनाथ राय के चक में लगभग 200 पेड़ जिसमे शीशम , नीम व आम,के पेड़ लगवाए गए थे लेकिन पानी की कमी व छुट्टा पशुओं एवम नील गायों के आतंक से लगभग 60 पेड़ सूखे नजर आए ।दिन में तो लोग देख लेते थे लेकिन रात में काफी नुकसान करते है जगह जगह कुछ को तो घेर दिए थे लेकिन उसको भी काट देते है छुट्टा पशु इसी प्रकार रसूलपुर ओझनिया में100 पेड़ लगाए गए थे दयाराम मास्टर के चक में मौके पर 50 पेड़ ही है । आज भी किसान पशुओं के आतंक से परेशान नजर आते है।

ब्लॉक के 6 विद्यालयों में नही है बिजली कनेक्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ब्लॉक मुफ्तीगंज में एबीएसए मुफ्तीगंज नीरज श्रीवास्तव के अनुसार कुल प्रथमिक विद्यालयों की संख्या 58 ,पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 14 एवम एक कंपोजिट विद्यालय है जिसमे केवल 6 विद्यालय ऐसे है जहाँ विजली कनेक्शन कतिपय कारणों से नही है वह विद्यालय है। प्र।थमिक विद्यालयो मे सोसा पट्टी ,राम पुर सकरा ,रम्पा का पूरा ,एकौनी पूरब पट्टी एवम प्राथमिक विद्यालय आराजी देवली और पूर्व माध्यमिक विद्यालय विजयी पुर आदि जहाँ विजली कनेक्शन नही है। उन्होंने बताया कि विजली कनेक्शन के लिए विभाग से बात हो गई है। शीघ्र कनेक्शन हॉगा।

युवक को मारपीट कर गांव के बाहर खेत में फेंका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के लतीफपुर गांव के युवक को बदमाशों ने पिटाई कर खेत में फेंक दिया। गुरुवार की सुबह गांव के बाहर खेत में युवक मरणासन्न हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पीएचसी सोंधी पहुंचाया। हालत गंभीर देख डाक्टर ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के लतीफपुर गांव के कुछ लोग सुबह शौच के लिए गये थे। गांव के बाहर खेत में एक युवक मरणासन्न हालत में घायल मिला। उसकी पहचान गांव के ही किशन बिंद 21 पुत्र स्व.रामचंद्र के रूप में हुई। बदमाशों ने किशन की बुरी तरह पिटाई कर गांव के बाहर खेत में फेंक दिया था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस एक युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने बताया की मारपीट से घायल युवक की मां की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

डेढ़ सौ बच्चों को वितरित किया गया स्मार्टफोन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड के बाबू उदरेज शिक्षण संस्थान एवं महाविद्यालय बजहा में गुरुवार को प्रबंधक डॉक्टर विश्वदीप सिंह,निर्देशिका डॉ स्वप्निल द्वारा बीए तृतीय वर्ष, बीएड फाइनल वर्ष के डेढ़ सौ बच्चों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। प्रबंधक ने बताया कि सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को डिजिटल एजुकेशन में बढ़ावा मिलेगा और तकनीकी रूप से छात्र–छात्राएं मजबूत होंगे। मौके पर विनोद सिंह नोडल अधिकारी दिव्यांशु चतुर्वेदी प्राचार्य प्रभात कुमार अमित सिंह सहित स्टाफ हुआ छात्र मौजूद रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला जज ने की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी 14 मई 2022 को जनपद न्यायालय, राजस्व न्यायालयों एवं जनपद की समस्त

तहसील मुख्यालयों पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दृष्टिगत तैयारी एवं समीक्षा हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0पी0 सिंह द्वारा अपने विश्राम कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा राष्ट्रीय लोक अदालत को बड़े स्तर पर सफलता दिलाये जाने के संबंध में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह–समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी, सचिव पूर्णकालिक श्रीमती शिवानी रावत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बैठक के उपरांत माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा आम–जनमानस से अपील की गयी की राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों एवं प्री–लिटिगेशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु एक मंच प्रदान करता है अतः इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाये।

खुटहन के युवक को सुल्तानपुर जिले के जंगल में ले जाकर निर्वस्त्र कर पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हरीपुर गाँव निवासी युवक को सुल्तानपुर जिले के एक जंगल में चार मनबढ़ व दबंग किस्म के ब्यक्तियो के द्वारा निर्वस्त्र कर बर्बरतापूर्वक पिटाई का बीडीओ इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। दबंग उसे मृत समझ जंगल में छोड़कर भाग गये थे। गंभीर रूप से घायल युवक का सीएससी पर उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने चार आरोपितो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जगह जगह दबिश दे रही है। गांव निवासी अरमान पुत्र जलालुद्दीन मवेशियो की खरीद बिक्री करता है। मंगलवार की सुबह वह घर से बिशुनपुर जाने को कहकर निकला। फिर देर रात पुलिस द्वारा उसके घर सूचना दी गई कि अरमान गंभीर रूप से घायल है। उसका उपचार सीएससी पर चल रहा है। स्वजन भागे भागे अस्पताल पहुंचे तो बेहोश पड़े अरमान को देख सन्न रह गए। कुछ देर बाद होश आने पर उसने बताया कि उसके एक रिश्तेदार सहित चार लोग उसे बिशुनपुर बाजार से अपनी चार पहिया गाड़ी में बैठाकर सुल्तानपुर जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के दोस्तपुर मार्ग के बगल रामपुर गांव के एक सुनसान जंगल में ले गये। जहाँ चारों ने मिलकर उसे लात घूंसा से जमकर पीटा। दबंगो का इतने से मन नहीं भरा तो उसके कपड़े फाड़ दिए। शरीर पर मात्र अंडरवीयर बाकी छोड़े थे। वे पेड़ की हरी टहनियाँ तोड़ उससे पिटाई करने लगे। जिससे उसके शरीर की चमड़ी जगह जगह फट गई। जख्मो से बह रहे खून से लथपथ होकर वह बेहोश हो गया। दबंग उसे मृत समझ वहां से फरार हो गए। आधी रात को होश आने के बाद वह पैदल सड़क पर आ गया। जहाँ ग्रामीणो की मदद से उसे मोहदीसराय पुलिस चौकी पर लाया गया। जहाँ से घटना की जानकारी खुटहन थाने पर दी गई। मौके पर पहुँचें प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव उसे घायलावस्था में सीएससी लाए। पुलिस ने घटना की सूचना उसके स्वजनो को दी। मौके पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। घायल अरमान ने बताया कि हम बिशुनपुर में खड़े थे तभी उसके रिश्तेदार अकबरपुर निवासी लल्लू पुत्र सोहबती तथा अखंड नगर निवासी तोड़ई, निन्हकू तथा सुहेल चार पहिया वाहन से आये और उसे भी उसी में बैठा लिए। उसे कुछ बताए बगैर उक्त जंगल में ले जाकर पीटने लगे।

जायरीनों से भरी ऑटो पिकअप से टकराई : एक राहगीर की चपेट में आने से मौत तीन यात्री घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर शाहगंज मार्ग पर क्षेत्र के भुड़कुड़हा मोड़ के पास गुरुवार को जायरीनों से भरी ऑटो और पिकअप में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद चपेट में आए साइकिल सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। परिजन शव को घर लेकर चले गए। आटो में सवार घायलों को पीएचसी सोंधी में उपचार कराया गया । जानकारी के अनुसार जौनपुर शाहगंज मार्ग पर एक ऑटो रिक्शा जायरीनों को लेकर गाजीमियां के मेला में खेतासराय की तरफ आ रहा था। क्षेत्र के भुड़कुड़हा मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप की ऑटो से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान साइकिल सवार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव निवासी हरिकेश बिंद 55 चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को पीएचसी सोंधी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने पी एच सी सोंधी पर हरिकेश बिंद को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर पहुंचे मृतक के परिजन शव लेकर घर लपरी लेकर चले गए। जबकि घायलों में ऑटो सवार प्रभा 50 पत्नी राजेंद्र निवासी गजना सेवईनाला, थाना गौराबादशाहपुर, राजेश कुमार 45 पुत्र बसावन निवासी देवकलपुर, थाना केराकत, विशाल 22 पुत्र राजेश कुमार देवकलपुर थाना केराकत को पीएचसी सोंधी में उपचार करने के बाद छोड़ दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस छानबीन में जुट गई है । थानध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने बताया की दुर्घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर गई थीं । मृतक का शव परिजन घर लपरी ले कर चले गए है । आवश्यक विधिक कारवाई की जा रही है।

आयु सीमा पूर्ण कर चुके उन वाहनों को तत्काल विद्यालय से हटा ले

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन ने अवगत कराया है कि सम्भागीय परिवहन अधिकारी वाराणसी के पत्रानुसार जनपद जौनपुर के आयु सीमा पूर्ण कर चुकी स्कूली बस एवं बिना वैध परमिट के संचालित स्कूल वाहनों के वाहन स्वामियों/विद्यालय प्रबन्धन को निर्देशित किया है कि जो विद्यालय वाहन 15 वर्ष का आयु सीमा पूर्ण कर चुके है उन वाहनों को तत्काल विद्यालय से हटा ले साथ ही जिन वाहनों परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी है या परमिट नहीं बनवाया गया है वे तत्काल परमिट बनवा ले अथवा नवीनीकरण करा लें। यदि ऐसे वाहन जिनका परमिट नहीं है या परमिट की वैधता समाप्त हो चुकी अथवा वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष पूर्ण करने के बावजूद भी विद्यालय में बच्चों को ले आने एवं ले जाने में प्रयुक्त होता है और रोड पर संचालित पाया जाता है तो उनके वाहन/विद्यालय प्रबन्धन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धक की होगी।

डूइंग मेथड से दिखाया शोहदों से परेशान महिला को 1090 पर मिली मदद

जौनपुर सू.वि. : लखनऊ में 1090 पर फोन पर बैठी महिला पुलिसकर्मी को जौनपुर से एक महिला ने शोहदों से परेशान होने की शिकायत की। इस पर 1090 के स्टाफ ने पीड़ित महिला की लोकेशन, पता और उसकी डिटेल नोटकर जौनपुर में सबंधित क्षेत्र की पुलिस टीम को सूचित कर मौके पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच जाती है और शोहदों को सबक सिखा कर महिला का बचाव करती है। कुछ इस तरह से पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को डूइंग मेथड के तहत 1090 पर महिलाओं को शोहदों से बचाव का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला बीट कर्मियों ने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई जानकारियों को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके तहत यह बताने की कोशिश की कि यदि कोई महिला/लड़की 1090 पर फोन करती है तो किस तरह से उसे तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी तरह से यह भी बताने की कोशिश की कि 112 नम्बर किस प्रकार से कार्य करता है। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के निर्देशन में चल रहा है। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा महिला, सम्मान और उनके स्वावलंबन की बात की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई टोल फ्री नम्बर संचालित किए हैं। यह नम्बर विभिन्न प्रकार के मामलों में महिलाओं की सुरक्षा में मददगार हैं। 181 महिला हेल्पलाइन नम्बर घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सहायता उपलब्ध

कराता है। घरेलू हिंसा भी कई प्रकार की होती है जैसे शारीरिक, मानसिक, शाब्दिक, लैंगिक और आर्थिक हिंसा। यदि कोई अपनी पत्नी को मारता–पीटता, उसके स्वास्थ्य को किसी भी प्रकार से हानि पहुंचाता है तो वह घरेलू हिंसा में आता है। ऐसे यदि कोई किसी के चरित्र पर दाग लगाता है, उसे घर से निकाल देता है, गाली–गलौज करता है, अश्लील सामग्री देखने को मजबूर करता है, दहेज की मांग करता है, संपत्ति की मांग करता है या संपत्ति से बेदखल करता है तो इस प्रकार की कोई भी शिकायत 181 पर घरेलू हिंसा के रूप में कराई जा सकती है। महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक बबीता ने बताया कि 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर की सहायता से कोई भी महिला/बालिका मदद पा सकती है यदि उसे रास्ते में कोई आते–जाते छेड़ता है, मोबाइल के माध्यम से अश्लील वीडियो संदेश भेजता है, फोन करता है तो वह 1090 पर शिकायत दर्ज कराकर निवारण पा सकती है। इस दौरान महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा के साथ मड़ियाहूं सर्किल की समस्त महिला बीट पुलिसकर्मी उपस्थित रहीं।

जिलाधिकारी द्वारा जौनपुर नगर पालिका परिषद फेज टू अमृत योजना का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जौनपुर नगर पालिका परिषद फेज टू अमृत योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि सिरोपरी जलाशय क्षमता (ओवरहेड टैंक) 200 किलो लीटर बनी हुई है, जिस की सप्लाई चालू हालत में मिली। अधिशासी अभियंता के द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत 32 किलोमीटर पाइप डाली जा चुकी है, 15 किलोमीटर और शेष है, शेष क्षेत्र पूर्व से नगर पालिका परिषद के द्वारा आच्छादित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह एसटीपी परिसर में ही एक नल ट्यूबेल हेतु स्थल का चयन किया गया है, एक अन्य बलुवाघाट के पास ट्यूबवेल स्थल का चयन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्थल चयनित होने के उपरांत जल्द से जल्द ट्यूबवेल को बोर करके सप्लाई पूर्ण क्षमता से चालू कर दी जाये। इस अवसर पर एक्स. ई.एन जल निगम निर्माण खंड अंकुर श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, अरविंद कुमार, जेई सत्य प्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सेनानायक डा मिश्र के नेतृत्व में 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी में चलाया गया बृहद स्वछता अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी पीआरओ के मुताबिक डा0 राजीव नारायण मिश्र सेनानायक 34वी वाहिनी पीएसी वाराणसी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शासन की 100 दिवसीय कार्य प्राथमिकताओं/ योजनाओं के क्रियान्वयन के क्रम में वाहिनीं के आवासीय भवनों, बैरकों व वाहिनी के दलों के विभिन्न व्यवस्थापन स्थलों की साफ–सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बृहद साफ सफाई एवं स्वछता अभियान चलाया गया।सूत्र के मुताबिक वाहिनी परिसर में स्थापित आवासीय भवनों, 'टाईप प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय' के कुल 488 आवासों में आरक्षी, मुख्य आरक्षी, उपनिरीक्षकों के परिवारजन आवासित है।आवासीय परिसर में सामूहिक श्रमदान कर साफ–सफाई की गई।वही डॉ मिश्र द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपने आस–पास नियमित रूप से साफ–सफाई करें तथा तथा कूड़ा कचरा निर्दिष्ट स्थलों पर ही डालें। स्वच्छता अभियान के दौरान ही वाहिनी परिसर में लगे पेड़/पौधों में की आवश्यकतानुसार 'कटिंग' करा कर रोग ग्रस्त पौधों पर रोगनाशक/कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। उल्लेखनीय है कि इसके अतिरिक्त वाहिनी में जवानों

की बैरकों में साफ–सफाई, रंगाई पुताई का कार्य पूर्व से प्रचलित है।इस अभियान में सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र के अतिरिक्त सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव, सूबेदार मेजर रणजीत तिवारी, आरटीसी प्रभारी विजेंद्र सिंह, प्रशिक्षु आरक्षियो की टोलियां एवं अन्य कर्मियों द्वारा बड़ी संख्या में योगदान दिया गया।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर छापे में बिना लाइसेंस लाखों की दवाएं बरामद करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)गत दिनो जन शिकायत पोर्टल पर की गई एक शिकायत पर बुधवार को बलदेव प्लाजा काम्पलेक्स स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया।सूत्र के मुताबिक इस छापे में बिना लाइसेंस के भंडारित की गई करीब पांच लाख 20 हजार रुपये की दवाएं बरामद की गई है। पवन मेडिकल स्टोर नाम से संचालित एक दुकान के गोदाम से कई बोरों में यह दवाएं बरामद की गई है। छापेमारी की कार्रवाई करने वाली टीम के अधिकारी ने बताया कि छापे में मिली दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे।यदि अधोमानक पाईं गई तो मुकदमा भी अलग से दर्ज किया जायेगा।इस छापे की कार्रवाई अंजाम देने पहुंचे औषधि निरीक्षक सुमित वर्मा ने बताया कि जन शिकायत पोर्टल पर शिकायत आई थी कि बलदेव प्लाजा काम्पलेक्स रिकाबगंज में संचालित पवन मेडिकल स्टोर बिना लाईसेंस के दवा भंडारण के कार्य में लिप्त हैं।उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर बुधवार दोपहर बाद पवन मेडिकल स्टोर और गोदाम पर छापा मारा गया। छापे में कई बोरों में रखी दवाएं बरामद की गई जो बिना लाईसेंस भंडारित की गईं थीं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मेडिकल स्टोर से भी दवा के नमूने लिए गए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा जायेगा।उन्होंने बताया कि बिना लाईसेंस दवा रखने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। इसके अलावा यदि जांच में नमूने फेल आते हैं तो उसका मुकदमा अलग दर्ज कराया जायेगा। छापे के दौरान मिले दवा के स्टाक को जब्त कर लिया गया है। छापे की कार्रवाई को लेकर बलदेव प्लाजा काम्पलेक्स में स्थित अन्य मेडिकल स्टोरों पर खलबली मची रही।

कोर्ट कमिश्नर नहीं हटाए जाएंगे : 17 मई के पहले सर्वे के काम को करना होगा पूरा

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को अधिवक्ता आयुक्त को बदलने की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है।ज्ञानवापी मामले में सर्वे कमिश्नर अजय मिश्र को नहीं हटाया जाएगा। कोर्ट ने दो और सहायक कमिश्नर नियुक्त किए हैं। अजय मिश्र के साथ विशाल सिंह को सहायक कमिश्नर नियुक्त किया गया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 17 मई से पहले सर्वे किया जाएगा। पूरे इलाके की वीडियोग्राफी होगी। सर्वे के दौरान दोनों पक्ष के लोग मौजूद रहेंगे। सर्वे का विरोध करने वालों पर मुकदमा दर्ज होगा। कोर्ट ने कहा कि 17 मई से पहले कार्रवाई को पुख्ता करें। कमीशन की कार्रवाई में बाधा नहीं आनी चाहिए। कोर्ट ने 17 मई को सर्वे रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। शासन प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई होगी। सुबह नौ से 12 तक सर्वे किया जाएगा। बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्ञानवापी परिसर में कमीशन की कार्यवाही कर रहे एडवोकेट कमिश्नर को बदलने की अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की मांग व तहखाने की वीडियोग्राफी कराने की वादी पक्ष की अपील पर बुधवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में बहस पूरी हो गई थी।यहां बता दें कि श्रृंगार गौरी के रोजाना दर्शन पूजन की मांग को लेकर पांच महिलाओं की ओर से दायर वाद पर बीते आठ अप्रैल को अदालत ने अजय कुमार मिश्र को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करते हुए ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण कर दस मई तक अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। छह मई को कमीशन की कार्यवाही शुरू तो हुई लेकिन पूरी नहीं हो सकी। सात मई को

अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर एडवोकेट कमिश्नर बदलने की मांग कर दी। इस प्रार्थना पत्र पर तीन दिनों से अदालत में सुनवाई चली। आज चौथे दिन फैसले आया। आपत्ति का किया जोरदार विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन अदालत के आदेश का अनुपालन कराने को तैयार हैं। कमीशन कार्यवाही शुरू होने के बाद सर्वे कमिश्नर को बदलने की मांग का विरोध किया। वादी पक्ष की तरफ से सुधीर त्रिपाठी, सुभाषनंदन चतुर्वेदी, शिवम गौड़, अनुपम द्विवेदी, मदनमोहन ने अंजुमन इंतजामिया की आपत्ति का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह कमीशन की कार्यवाही रोकने का प्रयास है। पहले कमीशन की रिपोर्ट कोर्ट में आए फिर उस पर आपत्ति की जा सकती है या दूसरे सर्वे कमीशन की मांग की जा सकती है। सुनवाई के दौरान नियुक्त सर्वे कमिश्नर अजय मिश्र, वादिनीगण, जितेंद्र सिंह बिशेन के अलावा सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बस स्टैंड और मौलागंज में अतिक्रमण हटवाया:संजय कुमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देश के क्रम में आज बस स्टैंड मौलागंज चौराहे के आसपास का अतिक्रमण हटवाया गया तथा कुछ दुकानदारों को नोटिस दी गई और कुछ से जुर्माना वसूल किया गया।और चेतवानी दी कि दुकानों के सामने कूड़ा पाये जाने पर नोटिस देकर जुर्माना वसूला जाएगा।उन्होंने मौलागंज वार्ड में भ्रमण किया गया। कुछ जगह नालियां खुली व पानी रास्ते में भरा हुआ मिला वहा सफाई नायक को कल तक स्थिति सही कराने के निर्देश दिये गए। आस पास के कई दुकानदारो के सामने

कई जगह कूड़ा पाया गया उसके लिए उन्हें साफ सफाई के लिए और कूडादान का प्रयोग करने के लिए समझाया गया, साथ ही सख्त निर्देश दिए गए दुबारा दुकानों के सामने कूड़ा पाये जाने पर नोटिस देकर जुर्माना वसूला जाएगा एवम अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी। ई ओ ने बताया कि जिलाधिकारी अविनाश कुमार के निर्देशानुसार शुरू सफाई निरीक्षण एवं जन व्यवहार परिवर्तन अभियान के क्रम में यह निरीक्षण किया गया जो आगे भी जारी रहेगा।

अयोध्या जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना : बला की तपिश से राहत की उम्मीद

अयोध्या।(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्रदेव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के पूवार्नुमान को सच माना जाए तो दो तीन दिन तपिश से राहत की उम्मीद है।इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक के प्रो अमरनाथ मिश्र ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 12 व 13 मई को हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। बलिया, संत कबीर नगर, बस्ती, देवरिया, अयोध्या जनपद के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश के भी आसार हैं।शेष दिनों में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। सप्ताह भर पूर्वी हवा के सामान्य व सामान्य से तेज गति से चलने एवं औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जिससे अभी उमस भरी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आम दिनों की तुलना में हवा में भी नमी रही। जिसके चलते लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली। आसमान में बादलों के कारण धूप छांव का सिलसिला जारी रहा।वही इसी कड़ी में डीएम नितीश कुमार ने गर्म हवाओं से बचाव के लिए दिशा निर्देश जनहित में जारी किया है।उन्होंने बताया हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे मृत्यु भी हो सकती है।इसके प्रभाव को कम करने के लिए प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान दें, अधिक से अधिक पानी पियें, हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें, धूप के चश्में, छाता, टोपी, व चप्पल का प्रयोग करें, अगर आप खुले में कार्य करते है तो सिर चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें व छाते का प्रयोग करें।

योगी सरकार के दिशा निर्देश पर डीजीपी मुकुल गोयल पर गिरी गाज : डीजीपी पद से हटे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लखनऊ सूत्र के मुताबिक उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुकुल गोयल को हटा दिया है।सूत्र के मुताबिक मुकुल गोयल को शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने एवं अकर्मण्यता के चलते पद से मुक्त करते हुए डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर भेजा गया।मालूम हो कि एचसी अवस्थी के रिटायर होने के बाद पिछले वर्ष जून में 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी मुकुल गोयल को उत्तर प्रदेश का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर एडीजी आपरेशन्स, बीएसएफ के पद पर तैनात थे।मुकुल गोयल ने दो बार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान अहम पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर वह पहली बार वर्ष 2007 में डीआइजी के पद पर तैनात रहते हुए गए थे और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान ही आइजी के पद पर पदोन्नत हुए थे। वह एडीजी बनने के बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दोबारा वर्ष 2016 में गए थे और उनकी तैनाती बीएसएफ में बतौर आइजी हुई थी। जहां वह जुलाई 2017 में एडीजी बन गए थे।

मानक के विपरीत सरकारी राशन लेने वालो पर शासन प्रशासन ने कसा शिकंजा : उपभोक्ता मे मचा हड़कंप

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)मुख्यमंत्री द्वारा मानक के विपरीत सरकारी राशन लेने वालो पर कडी कार्यवाही कर रिकवरी करने के निर्देश पर अपात्रो मे खलबली मच गई है।प्रत्येक ग्राम सभाओ के कोटेदारो के पास दर्जनो राशन लेने वालो ने कार्ड निरस्त कर सुविधा से वंचित करने की दुहाई दे रहे हैं।इस संबंध में खाद्य आपूर्ति अधिकारी विनोद यादव ने बताया कि अब तक लगभग दो दर्जन लोगो ने कार्ड कैंसिल करने के लिए कार्ड भी जमा करा दिया है।पहले राउंड मे स्वतः निरस्त कर सुविधा को छोडने वालो पर अभी कोई कार्यवाही करने का निर्देश नही मिलने से बचाव हो सकता है।शेष जनरेटर चार पहिया वाहन ट्रेक्टर एसी जैसी सुविधा से युक्त परिवारो की पहचान कर अपात्रो के प्रति अग्रिम कार्यवाही रिकवरी आदि के लिए सूची तैयार कर 15 मई तक भेज दी जाएगी।दूसरे राउंड मे शासन एवं विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी।

मण्डल से अब किसान स्वयं करेगें क्लस्टर का निर्यात – मण्डलायुक्त

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुए कृषकों का अपनी आय दोगुना करने के लिए कृषक उत्पादक संगठन या कृषक उत्पादक कम्पनी के माध्यम से अयोध्या मण्डल के जिलों के लिए उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति में चयनित फसलों के लिए क्लस्टर का निर्माण कर निर्यात करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कृषकों का उत्साहवर्धन करते हुए मण्डल से आम, केला, आँवला, मेंथा, गेहूँ, चावल, ताजी सब्जियों परवल, हरीमिर्च, भिन्डी, लौकी, करैला हरीमटर के निर्यात आधारित क्लस्टर का निर्माण कर निर्यात करने के लिए कहा। मण्डलायुक्त ने कृषि, उद्यान, कृषि विपणन, मण्डी परिषद, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए क्लस्टर के निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कृषक निर्यात के लिए उन्मुख हो सके।इस बैठक में सहायक कृषि विपणन अधिकारी डा० शशी कान्त सिंह, मण्डल के समस्त ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, संयुक्त कृषि निदेशक डा० आशुतोष कुमार मिश्रा, उपनिदेशक मण्डी परिषद, उपनिदेशक उद्यान, अपरनिदेशक पशुपालन आदि अधिकारी एवं अयोध्या मण्डल के विभिन्न जनपदों के कृषक उत्पादक संगठन, प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

65 वर्षीय वृद्ध कृषक पर सांड़ ने किया हमला : इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत कुमारगंज थाना क्षेत्र के शिवनाथ पुर गांव में अपने खेत से घर वापस लौट रहे हैं 65 वर्षीय वृद्ध कृषक पर सांड़ ने हमला कर दिया। हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, नवसृजित नगर पंचायत अंतर्गत शिवनाथपुर गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध देवीदीन अपने खेत से घर वापस लौट रहे थे। वह गांव की स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे ही थे कि एक बिगड़ैल सांड़ ने उन पर हमला बोल दिया और कई बार वृद्ध को सींग से उठाकर पटक दिया। इसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन–फानन में घायल वृद्ध को इलाज के लिए पिठला स्थित सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया और मौत हो गई। बताते चलें कि बीते एक सप्ताह पूर्व इसी साड़ ने 45 वर्षीय दुःखी यादव को भी खेत देखने जाते समय हमला कर दिया। सांड के हमले से दुःखी यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

राज ठाकरे का अयोध्या दौरा: विरोध में संतों से मिले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, लल्लू सिंह बोले– ये उचित नहीं

अयोध्या ब्यूरो : राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध कर रहे कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या के प्रमुख संतों से गुरुवार को मुलाकात की। राज ठाकरे के विरोध के लिए उन्होंने संत समाज से समर्थन मांगा। रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विजय तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, जगतगुरु राम दिनेशाचार्य, मंगल भवन महामंडलेश्वर राम भूषण दास कृपालु, रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास, दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास से भी उन्होंने मुलाकात की है। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा बिना माफी मांगे अयोध्या तो दूर उत्तर प्रदेश की धरती पर राज ठाकरे को कदम नहीं रखने दूंगा। राज ठाकरे को अगर उत्तर भारतीयों से माफी मांगने में शर्म आ रही है तो अयोध्या के संतों से ही मांग माफी लें। संत समाज माफ कर देगा तो हम भी छोड़ देंगे। बृजभूषण शरण सिंह ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अपील की है। 5 जून के पहले उन्होंने 5 लाख उत्तर भारतीयों से अयोध्या पहुंचने का आवाहन किया है। उत्तर भारतीयों के अयोध्या आने पर होटल और धर्मशाला में 50 प्रतिशत छूट का दावा किया जा रहा है। राज ठाकरे का विरोध उचित नहीं सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मैं कोई गैर जिम्मेदार नहीं हूं जो गैर जिम्मेदारी भरा बयान दूंगा। कहा कि अयोध्या प्रभु श्रीराम की नगरी है जो भी आएगा उसका स्वागत है। हमें राज ठाकरे से कोई मतलब नहीं है । वह राम की शरण में आ रहे हैं हनुमान जी ने उन्हें सद्बुद्धि दिया होगा। भगवान की शरण में कोई आ रहा है तो उसका विरोध उचित नहीं है। बृजभूषण शरण सिंह द्वारा राम नगरी के संतों से मुलाकात पर कहा कि हमको विश्वास है कि संत प्रभु श्री राम की शरण में आने वाले भक्तों का विरोध नहीं करेंगे। जो राम भक्त होकर अयोध्या आना चाहता है उसका विरोध नहीं किया जाना चाहिए।

बेटियाँ समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहाल – पी के सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के बीकापुर उप डाकघर में सुकन्या सप्ताह के तहत मेगा मेला सैकड़ों शाखा पोस्टमास्टर के साथ आयोजित किया गया।इस मौके पर बीकापुर के मेगा मेला में शिरकत करते हुए अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में कहा कि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने एवं बेटियों को आर्थिक आजादी देने एवं उनके भविष्य को सँवारने के लिए हम सभी का दायित्व है कि आस पास के बच्चियों के अविभावकों को डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए प्रेरित करें । इस योजना में छोटी छोटी रकम जमा करने से बेटियों के पढ़ाई, व विवाह के समय लाभ होगा।इस दौरान श्री सिंह ने निर्देश दिया कि सुकन्या समृद्धि सप्ताह को गति देने के लिए सभी शाखा पोस्टमास्टर न्यूनतम एक एक गांव को सम्पूर्ण सुकन्या ग्राम बनाने के लिए गोद लें । जिससे उस गांव की सभी पात्र बेटियों के भविष्य को सँवारते हुए सम्पूर्ण सुकन्या गांव घोषित किया जा सके । इस दौरान सहायक अधीक्षक अजय पाण्डेय ने बताया कि यह सुकन्या समृद्धि खाता रुपया 250 से जन्म से 10 वर्ष तक आयु की बच्चियों का खोला जाता है और अविभावक को 14 वित्तीय वर्ष ही पैसा जमा करना होता उसके पश्चात 21 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार ब्याज के साथ भुगतान किया जाता है पढ़ाई या अन्य जरूरत पड़ने पर 18 वर्ष बाद आधा पैसा निकाला जा सकता है । इस दौरान सत्येन्द्र प्रताप सिंह, निशान्त त्रिपाठी, अम्बिका यादव, जय प्रकाश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण डाक सेवक मौजूद रहे।

नहीं खुलेंगे ताजमहल के बंद दरवाजे : हाईकोर्ट

लखनऊ ब्यूरो : ताजमहल के बंद 20 दरवाजों को खोलने की गुजारिश वाली याचिका पर बृहस्पतिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने आज अपराह्न सवा दो बजे मामले की सुनवाई करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। याचिका अयोध्या के डॉ. रजनीश सिंह ने दायर की थी। याचिका में इतिहासकार पीएन ओक की किताब ताजमहल का हवाला देते हुए दावा किया गया कि ताजमहल वास्तव में तेजोमहालय है, जिसका निर्माण 1212 एडी में राजा परमार्दी देव ने कराया था। याचिका में यह भी दावा किया गया

कि ताजमहल के बंद दरवाजों के भीतर भगवान शिव का मंदिर है। याचिका में अयोध्या के जगतगुरु परमहंस के वहां जाने और उन्हें भगवा वस्त्रों के कारण रोके जाने संबंधी हालिया विवाद का भी जिक्र किया गया। याची ने ताजमहल के संबंध में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी (तथ्यों का पता लगाने वाली समिति) बनाकर अध्ययन करने और ताजमहल के बंद करीब 20 दरवाजों को खोलने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। जिससे सत्यता सामने आ सके। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई में याचिकाकर्ता रजनीश सिंह के वकील ने कहा कि देश के नागरिकों को ताजमहल के बारे में सच जानने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने कहा– मैं कई आरटीआई लगा चुका हूं। मुझे पता चला है कि कई कमरे बंद हैं और प्रशासन की ओर से बताया गया कि ऐसा सुरक्षा कारणों की वजह से किया गया है। इसके जवाब में यूपी सरकार के वकील ने कहा कि इस मामले में आगरा में पहले से ही मुकदमा दर्ज है और याचिकाकर्ता का इस पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता ने कहा कि मैं इस तथ्य पर बात ही नहीं कर रहा कि वह जमीन भगवान शिव से जुड़ी है या अल्लाह से। मेरा मुख्य मुद्दा वो बंद कमरें हैं और हम सभी को जानना चाहिए कि आखिर उन कमरों के पीछे क्या है। इसके बाद दो न्यायाधीशों की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि जाइए एमए करिए और उसके बाद ऐसा विषय चुनिए। अगर कोई संस्थान आपको रोकता है तो हमारे पास आइए। अदालत ने पूछा कि आप किससे सूचना मांग रहे हैं? इसके जवाब में याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रशासन से। इस पर कोर्ट ने कहा– अगर वो कह चुके हैं कि सुरक्षा कारणों से कमरे बंद हैं तो वही सूचना है। अगर आप संतुष्ट नहीं हैं तो इसको चुनौती दीजिए। आप एमए करिए और फिर नेट, जेआरएफ करिए और अगर कोई यूनिवर्सिटी आपको इस विषय पर शोध करने से रोके तो हमारे पास आइए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी याचिका तक ही सीमित रहे। याचिकाकर्ता ने कहा कि हमें उन कमरों में जाने की अनुमित दीजिए। इस पर कोर्ट ने तंज कसा कि कल को आप कहेंगे हमें माननीय न्यायाधीशों के चेंबर में जाना है। पीआईएल सिस्टम का मजाक मत बनाइए। याचिकाकर्ता ने कहा कि मुझे थोड़ा वक्त दें, मैं इस पर कुछ फैसले दिखाना चाहता हूं। इस पर अदालत ने कहा कि यह याचिका मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई है और अब आप ये सब कर रहे हैं। इस मुद्दे पर आप मेरे घर आइए और हम इस पर बहस करेंगे लेकिन अदालत में नहीं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।